विधानसभा आम चुनाव–2024

प्रेषक

रिटर्निंग अधिकारी,
70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं
उपमण्डल अधिकारी (ना0), नारनौल।

प्रेषित

राव नरेन्द्र सिंह, कॉग्रेस प्रत्याशी,
70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

क्रमांक निर्वाचन–2024/2464 दिनांक : 28-10-2024

विषय : **Complaint regarding slowing of backup of EVMs for kind consideration of complaint filed by the Candidate Rao Narender Singh and for holding the final result.**

उपरोक्त विषय बारे एक शिकायत आपके द्वारा हरियाणा प्रदेश कॉग्रेस कमेटी सन्दर्भ क्रमांक एचपीसीसी–2024 दिनांक 08.10.2024 द्वारा माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को की गई है। उक्त शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा, चण्डीगढ के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत में आप द्वारा जो आरोप लगाये गये है, वह निम्नलिखित प्रकार से हैं:

- Slowing of backup of EVMs
- Objection regarding Battery Percentage

आपकी शिकायत बारे स्पष्ट किया जाता है कि आपके द्वारा पहले भी दिनांक 08.10.2024 को मतगणना के दौरान बैटरी प्रशैन्टेज को लेकर निम्नहस्ताक्षरी को शिकायत की गई थी, जिसका निवारण चुनाव परिणाम की घोषणा से पूर्व इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/2425 दिनांक 08.10.2024 द्वारा उसी समय कर दिया गया था और उसकी एक प्रति आपको उपलब्ध करवा दी गई थी। उक्त पत्र की प्रति पावति सहित **Annexure-1** पर सलंग्न है। अब यह शिकायत दोबारा से भारत निर्वाचन आयोग के माध्यम से प्राप्त हुई है, जिसका विस्तृत जवाब निम्न प्रकार से है :

आम चुनाव से बहुत पहले चुनाव सम्बन्धित प्रक्रिया शुरू हो जाती है। सबसे पहले ईवीएम की एफएलसी (First Level Checking) की जाती है। इस प्रकार निम्नहस्ताक्षरी चुनाव समाप्त होने तक लगातार कार्यरत रहते हैं। यह कहना गलत नही होगा कि एक रिटर्निंग अधिकारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार तथा चुनाव के सम्बन्ध में बनाये गए मानको के अनुसार लगातार कार्य करते रहते हैं। इसके अनुसार रिटर्निंग अधिकारी को चुनाव की सभी

प्रक्रियाओं के दौरान उपस्थित रहना होता है, जिससे चुनाव सम्बन्धित प्रक्रिया दुरूस्त होती है। निम्नहस्ताक्षरी ने रिटर्निंग अधिकारी की हैसियत से चुनाव सम्बन्धी सभी प्रक्रियाओं को अपनी पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण किया है।

आयोग द्वारा अपने विभिन्न दिशानिर्देशों में दिए गए प्रशासनिक संरक्षोपायों के साथ प्रौद्योगिकीय सुरक्षात्मक विशेषताएं, ईवीएम को, कोई भी गुंजाइश न छोड़ते हुए पूरी तरह से हेर–फेर से मुक्त बनाती हैं। आयोग ने चुनाव की घोषणा से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद तक ईवीएम की हैंडलिंग के प्रत्येक पहलू के लिए चेक लिस्ट तैयार की है, जिसमें निर्माता कम्पनी से मशीनों के परिवहन से लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का भंडारण शामिल है। इसके अलावा, चुनाव के विभिन्न चरणों में किसी भी सम्भावना के निराकरण करने के लिए क्या करें और क्या न करें भी निर्देशित किए गए हैं।

चुनाव आयोग ने ईवीएम को हैंडल करने के लिए सुरक्षात्मक उपायों और प्रक्रियात्मक नियंत्रण एवं संतुलन की एक विस्तृत एवं सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू की है, जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार के संभव दुरुपयोग या किसी भी अनधिकृत व्यक्ति की पहुंच या किसी भी अनभिप्रेत प्रक्रियात्मक चूक को रोकना है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान से पहले, मतदान के दौरान या मतदान के बाद या भंडारण/परिवहन के दौरान किसी भी तरह की हेर–फेर/जोड़–तोड़ से सुरक्षित रखा जाता है। आयोग द्वारा ये सुरक्षोपाय प्रत्येक चरण पर राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की सक्रिय और अच्छी तरह से दस्तावेजीकृत सहभागिता के साथ पारदर्शी ढंग से लागू किए जाते हैं ताकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की क्षमता और विश्वसनीयता के प्रति उनका विश्वास कायम किया जा सके। ये सभी प्रकार्य और प्रक्रियाएं आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारियों या वरिष्ठ जिला अधिकारियों के स्तर पर क्रियान्वित किए जाते हैं, जिसके बारे में आप भली–भांति अवगत हैं। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के एजेंटों की भागीदारी की प्रणाली इतनी सशक्त है कि ईवीएम मशीनों में कोई भी बदलाव या एक स्थान से दूसरे स्थान पर इनका स्थानांतरण राजनीतिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इस प्रक्रिया के प्रमुख बिंदु दोबारा आपकी जानकारी के लिए नीचे प्रस्तुत किए जा रहे हैं:

1. **एफएलसी (First Level Checking) :**

**क.** पत्र सं. 51/8/16/9/2017–ईएमएस (पीएंडएल) दिनांक 09.11.2017 जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मैनुअल (अगस्त, 2023) में आगे और अपडेट किया गया है, में समाविष्ट आयोग के अनुदेशों के अनुसार, राज्य में प्रत्येक चुनाव से कम से कम 180 दिन पहले ईवीएम के दोनों भागों और वीवीपैट की गहन प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की जाती है। एफएलसी का उद्देश्य चुनावों में प्रयुक्त की जाने वाली ईवीएम और वीवीपैट की प्रामाणिकता और उपयुक्तता सुनिश्चित

करना है। प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के पर्यवेक्षण में पूरी तरह से मोर्चाबंद और निरापद क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विनिर्माण कंपनी के इंजीनियरों द्वारा की जाती है। डीईओ द्वारा एफएलसी का विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया जाता है और उसे कार्यक्रम के शुरू होने से कम से कम 2 दिन पहले जिला स्तर पर प्रत्येक मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल के साथ उपयुक्त पावती के अधीन लिखित रूप में साझा किया जाता है और उसकी प्रति दल के राज्य मुख्यालयों को पृष्ठांकित की जाती है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एफएलसी के दौरान उपस्थित रहने का अनुरोध किया जाता है। यदि वे एफएलसी में भाग लेने में असफल रहते हैं, तो उन्हें पावती सहित पुनः अनुस्मारक भेजा जाता है। एफएलसी में भाग लेने वाले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक रजिस्टर बनाए रखा जाता है।

- प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) प्रत्येक बीयू, सीयू और वीवीपैट का एक नैदानिक परीक्षण है जो मशीनों की पूर्ण प्रकार्यात्मकता की जांच करने के लिए विनिर्माता द्वारा विहित किया गया है। जांच के उपरांत विनिर्माता इस बात का उचित प्रमाण पत्र देते हैं कि ईवीएम के सभी संघटक औरिजनल हैं।
- एफएलसी बीईएल द्वारा यथा–उपबंधित विस्तृत मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार चौबीसों घंटे पूरी सुरक्षा के साथ सशस्त्र पुलिस बलों की मौजूदगी में एक बड़े हॉल में 24X7 सीसीटीवी कवरेज के साथ की जाती है जहां प्रत्येक प्रवेश और निकास द्वार पर परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का उचित रिकार्ड रखने के लिए लॉग बुक रखा रखा जाता है। सम्पूर्ण एफएलसी प्रक्रिया का अनुवीक्षण डीईओ और सीईओ स्तर पर नियंत्रण कक्षों (स्ट्रांग रूम) में वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जाता है और उसकी रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाती है।
- जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है, एफएलसी के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों को उनकी पूर्ण संतुष्टि के साथ सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है। उन्हें स्वेच्छिक रूप से किसी भी मशीन को चुनने और स्वयं मॉक पोल करने की अनुमति दी जाती है।
- एफएलसी के बाद मशीनों को पिंक पेपर सील से सीलबंद किया जाता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी पिंक पेपर सील पर हस्ताक्षर करते हैं।

**ख.** आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशो के अनुसार उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नारनौल द्वारा हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिये प्रयोग की जाने वाली ईवीएम की एफएलसी के लिये कार्यक्रम उनके कार्यालय के पत्र

क्रमांक निर्वाचन–2024/3676 दिनांक 30.07.2024 **(Annexure-2)** द्वारा जारी किया गया था, जिसकी सूचना जिला के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को दी गई थी। उक्त पत्र के अनुसार सभी राजनैतिक दलों से महेन्द्रगढ जिले में प्रयोग की जाने वाली सभी ईवीएम की एफएलसी के दौरान दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 16.08.2024 तक उपस्थित रहने बारे अनुरोध किया गया था। एफएलसी का कार्य लघु सचिवालय नारनौल में स्थित ईवीएम वेयर हाऊस में किया गया था। एफएलसी का कार्य आयोग द्वारा जारी एसओपी अनुसार किया गया, जिसके अनुसार 24 घण्टे सीसीटीवी की कवरेज की गई, वीडियोग्राफी की गई तथा वैबकास्टिंग करवाई गई। एफएलसी के दौरान 24 घण्टे प्रवेश एवं निकास द्वार पर सशस्त्र पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एफएलसी का कार्य पूर्ण होने उपरान्त ईवीएम निर्माता कम्पनी (BEL) के ईन्जिनियर ने इस बात का प्रमाण–पत्र दिया कि ईवीएम के सभी पार्टस ओरिजनल है। इस प्रकार एफएलसी के दौरान राजनैतिक दलों को पुरी संतुष्टि के साथ शामिल किया गया तथा उनको रैण्डेमाईज तरीके से किसी भी मशीन में मॉक पोल करने की अनुमति भी प्रदान की गई। जिसके बाद सभी मशीनों को पिंक पेपर सील से सीलबन्द किया गया, जिसपर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी हस्ताक्षर किये। इस प्रकार से मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 70–नारनौल में एफएलसी का कार्यक्रम भी दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 16.08.2024 तक जारी किया गया, जो कि यह कार्य दिनांक 13.08.2024 तक जिला मुख्यालय महेन्द्रगढ स्थित नारनौल ईवीएम वेयर हाऊस में पूर्ण कर लिया गया था। इस दौरान निम्नलिखित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था **(Annexure-3)** :

1. श्री सुशील चौटाला, भाजपा
2. श्री विरेन्द्र सिंह, जजपा
3. श्री अनूप कौशिक, कॉग्रेस
4. श्री अशोक दास, बसपा
5. श्री राजेन्द्र, भाजपा
6. श्री अमित, जजपा
7. श्री जितेन्द्र, आप
8. श्री विकास, आप

2. **एफएलसी के बाद ईवीएम का भण्डारण :**

**क.** आयोग ने एफएलसी के बाद ईवीएम के भण्डारण के लिये निम्नलिखित प्रावधान किए हं :

- आयोग ने स्ट्रांग रूम में "एफएलसी ओके ईवीएम" के भंडारण के लिए और वहां चौबीसो घंटे सुरक्षा के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। स्ट्रांग रूम में 24X7 सुरक्षा बनाए रखने के लिए राज्य सशस्त्र पुलिस बल का कम से कम एक सेक्शन तैनात किया जाता है।
- ऐसे स्ट्रॉग रूम और गलियारों के प्रवेश बिंदु पर डीवीआर युक्त 24X7 सीसीटीवी कवरेज होगा।
- प्रवेश बिंदु पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा लॉग बुक बनाए रखा जाता है।
- जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), पुलिस अधीक्षक (एसपी), प्रेक्षक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि स्ट्रॉग रूम का दौरा करते हैं।
- यह व्यवस्था उस समय तक जारी रहती है जब तक कि चुनाव की तैयारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन नहीं कर लिया जाए।
- राजनीतिक दलों को "एफएलसी–ओके ईवीएम" के भंडारण और उनकी सुरक्षा के बारे में अच्छी तरह से सूचित किया जाता है।

**ख.** एफएलसी के बाद महेन्द्रगढ जिले की सभी ओ.के. ईवीएम को लघु सचिवालय नारनौल में स्थित ईवीएम वेयर हाऊस में रखा गया, जिसमें मेरे विधानसभा क्षेत्र 70–नारनौल की ईवीएम भी शामिल थी। उक्त वेयर हाऊस में 24X7 सुरक्षा बनाये रखने के लिये हरियाणा राज्य सशस्त्र पुलिस बल का कम से कम एक सैक्शन तैनात किया गया, जिसकी प्रवेश द्वारा पर डीवीआर युक्त 24X7 सीसीटीवी कवरेज की गई तथा प्रवेश द्वारा पर एक लॉग बुक भी रखी गई ताकि जब भी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पर्यवेक्षक और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उक्त वेयर हाऊस का दौरा करें तो वह अपनी उपस्थित इस लॉग बुक में दर्ज कर सके।

3. **ईवीएम की रैंडेमाईजेशन :**

वेयर हाउस में रखी गई ईवीएम की रैंडेमाईजेशन ईएमएस ऐप के जरिए दो बार की जाती हैं। यह ऐप भारत निर्वाचन आयोग की आईटी टीम द्वारा विकसित किया गया है।

3.1 प्रथम रैंडेमाइजेशनः

**क.** ईवीएम की प्रथम रैंडेमाइजेशन से पहले 10 प्रतिशत मशीनें प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम के लिए अलग रखी जाती हैं। फिर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रथम रैंडेमाइजेशन के

लिए एक कार्यक्रम तय करते हैं और राज्य के सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को नियत पावती के साथ कम से कम 48 घंटे पहले लिखित रूप में निमंत्रण भेजते हैं।

- डीईओ द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में रैंडेमाईज तरीके से मशीनें आबंटित करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईएमएस के माध्यम से प्रथम रैंडेमाइजेशन किया जाता है।
- रैंडमाइज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सूची राजनीतिक दलों को दी जाती है और उनसे लिखित रूप में पावती ली जाती है।

**ख.** ईवीएम वेयर हाऊस में रखी गई ओ.के. ईवीएम की ईएमएस ऐप (EVM Management System) के माध्यम से दो बार रैण्डेमाईजेशन की गई। यह ऐप भारत निर्वाचन आयोग की आई.टी. टीम द्वारा विकसित किया गया है। जिला महेन्द्रगढ की प्रथम रैण्डेमाईजेशन सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति **(Annexure-4)** में दिनांक 02.09.2024 को की गई तथा मेरे द्वारा 70—नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये आवंटित मशीनों को दिनांक 07.09.2024 को प्राप्त किया गया। 70—नारनौल विधानसभा क्षेत्र की सभी ईवीएम को राजकीय महाविद्यालय नारनौल के मल्टिपर्पज हॉल में स्थित ईवीएम स्ट्रॉग रूम में रखा गया, जिसकी सूचना सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन—2024/1368—69 दिनांक 07.09.2024 के द्वारा दी गई थी **(Annexure-5),** जिसकी 24X7 सीसीटीवी कवरेज की गई तथा विडियोग्राफी भी करवाई गई। आयोग के आदेशानसुार सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

3.2 **द्वितीय रैंडेमाइजेशन :**

**क.** उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा द्वितीय रैंडेमाइजेशन ईएमएस ऐप के माध्यम से किया जाता है।

- यह रैंडेमाइजेशन मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और आयोग के प्रेक्षकों, जो अन्य राज्यों के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी होते हैं, की उपस्थिति में किया जाता है।
- राजनैतिक दलों को द्वितीय रैंडेमाइजेशन के कार्यक्रम की सूचना, लिखित रूप में, दी जाती है।

**ख.** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज की उपस्थिति में दिनांक 24.09.2024 को मेरे द्वारा ईवीएम मशीनों की दूसरी रैण्डेमाईजेशन के लिये इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन—2024/1737—1748 दिनांक 22.09.2024 के द्वारा सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव व 70—नारनौल के सभी उम्मीदवारों को भाग लेने बारे लिखा गया था **(Annexure-6)** तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दूसरी रैण्डेमाईजेशन सम्पन्न करवाई गई **(Annexure-7),** इस दौरान विडियोग्राफी

भी करवाई गई तथा मशीनों की सूची सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाई गई।

4. **ईवीएम को चालू करना (कमीशनिंग) :**

**क.** उम्मीदवारियां वापस लेने के पश्चात, रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को चालू करने और उनमें उम्मीदवारों को सेट करने का कार्यक्रम तैयार करते हैं।

- सभी उम्मीदवारों को समुचित पावती के साथ कार्यक्रम की सूचना दी जाती है जिसमें उनसे मशीनों को चालू करने की प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया जाता है।
- उम्मीदवारों से मॉक पोल प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया जाता है।
- विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मशीनों को चालू करने का कार्य पूर्ण सुरक्षा कवरेज और 24X7 सीसीटीवी कवरेज में सुरक्षित परिवेश में एक पृथक हॉल में किया जाता है।
- चालू करने (कमीशनिंग) के कार्य का संचालन सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) और आरओ द्वारा तैनात किए गए अन्य अधिकारियों द्वारा बीईएल की तकनीकी टीम की सहायता से हॉल में मौजूद आरओ, आयोग के प्रेक्षक और सभी उम्मीदवारों की उपस्थिति में किया जाता है।
- और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए, लोड किए जा रहे प्रतीकों को प्रदर्शित करने के लिए उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के साथ अलग से टीवी मॉनिटर संस्थापित किए जाते हैं।
- इस समय, विनिर्माण कंपनी के इंजीनियर फिर से मशीन के हरेक कल–पुरजे की जांच करते हैं और उसे उम्मीदवारों को दिखाने के बाद रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) को प्रमाणपत्र देते हैं।
- पहले, बैलेट यूनिट (बीयू) तैयार और सीलबंद किया जाता है, तब वीवीपैट यूनिट तैयार किया जाता है। एक नया पावर पैक (बैटरी) और नया पेपर रोल संस्थापित किया जाता है। वीवीपैट कम्पार्टमेंट को सील बंद करने के पश्चात, कंट्रोल यूनिट (सीयू) तैयार किया जाता है और उसमें उम्मीदवारों को सेट किया जाता है। सीयू में एक बिलकुल नया पावर पैक संस्थापित किया जाता है।
- सभी तीनों (3) यूनिटों को तैयार करने एवं पुरानी प्रयुक्त की गई बैटरी को बिलकुल नई बैटरी से प्रतिस्थापित करने के बाद सीयू, बीयू और वीवीपैट के केबलों को जोड़ा जाता है और इस बात की जांच करने के लिए कि ईवीएम और वीवीपैट ठीक तरीके से काम कर रही हैं या नहीं, मॉक पोल किया जाता है।

- संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, मशीन को बंद कर दिया जाता है, वीवीपैट तथा सीयू को सीलबंद कर दिया जाता है। वीवीपैट और सीयू के बैटरी सेक्शनों को भी थ्रेड सील और एड्रेस टैग का इस्तेमाल करके सीलबंद कर दिया जाता है।
- ईवीएम और वीवीपैट की सभी मुहरों (सील) पर रिटर्निंग अधिकारी और उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों/एजेंटों द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं।
- चालू करने (कमीशनिंग) के बाद मशीनें आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट सभी प्रोटोकॉल के साथ पुनः स्ट्रांग रूम में स्टोर की जाती है।

**ख.** उम्मीदवारों के द्वारा नाम वापिस लेने के पश्चात रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा ईवीएम को चालू करने और उनमें उम्मीदवारों को सैट करने का कार्यक्रम तैयार किया जाता है। जो कि मेरे द्वारा सभी उम्मीदवारों को कमिशनिंग के कार्यक्रम बारे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1816–1827 दिनांक 24.09.2024 **(Annexure-8)** तथा क्रमांक निर्वाचन–2024/1960–72 दिनांक 27.09.2024 **(Annexure-9)** के द्वारा सभी उम्मीदवारों को सूचित किया गया तथा मॉक पोल की प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया गया। 70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सभी ईवीएम की कमिशनिंग का कार्य मेरे द्वारा दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 तक मल्टिपर्पज हॉल, राजकीय महाविद्यालय नारनौल में पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज और राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान पूरी सुरक्षा कवरेज तथा विडियाग्राफी करवाई करवाई गई। कमिशनिंग के कार्य के दौरान BEL के ईन्जिनियर द्वारा सभी मशीनों में सिम्बल लोड किये गये, जिसके लिये अलग से टीवी मॉनिटर लगाया गया ताकि उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि इस प्रक्रिया को अच्छे से देख सके। इस समय BEL के ईन्जिनियर द्वारा सभी मशीनों के कल पूर्जो की जांच की गई तथा प्रमाण पत्र दिया गया कि सभी कल पूर्जे ओरिजनल हैं।

सबसे पहले बीयू को तैयार किया गया तथा सीलबन्द किया गया, फिर वीवीपैट को तैयार किया गया तथा वीवीपैट में नई बैटरी लगाई गई और नया पेपर रोल लगाया गया, इसके बाद कन्ट्रोल यूनिट को तैयार किया गया तथा उसमें नई बैटरी लगाई गई व उम्मीदवारों को सैट किया गया। सभी तीनों यूनिटों में पुरानी बैटरी को हटाकर नई बैटरी लगाई गई, इसके बाद सीयू, बीयू और वीवीपैट के केबलों को जोड़ा गया। इस बात की जांच करने के लिये कि ईवीएम और वीवीपैट ठीक प्रकार से काम कर रही हैं या नही, मॉक पोल किया गया। इसके बाद सभी मशीनों को आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार पुनः स्ट्रॉग रूम में रखा गया। कमिशनिंग व मॉक पोल के दौरान निम्नलिखित राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे **(Annexure-10)** :

1. श्री कृष्ण यादव, कॉग्रेस
2. श्री विजय सैनी, इनेलो
3. श्री अमित कुमार, भाजपा

4. श्री विकास, आरआरपी
5. श्री सुशील चौटाला, भाजपा
6. श्री विरेन्द्र सिंह, जजपा

**5. पोलिंग पार्टियों को ईवीएम उपलब्ध करवाना :**

**क.** आयोग के अनुदेशों में यह भी उपबंध किया गया है कि पोलिंग टीमों की रवानगी के समय रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवारों को स्ट्रॉग रूम खोलने की तारीख और समय की सूचना लिखित रूप में देंगे।

- रिटर्निंग अधिकारी की मौजूदगी में, आयोग के प्रेक्षक और उम्मीदवार/उनके एजेंट, पोलिंग टीमों के पीठासीन अधिकारी इस बात की पूरी तरह जांच करते हैं कि बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट विधिवत रूप से सीलबंद किए गए हैं और उनकी मुहर (सील) और पता टैग अक्षत हैं और बैटरियां संस्थापित की गई हैं।
- उम्मीदवार, सुरक्षा कार्मिक के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी देखते हैं।
- यदि पोलिंग पार्टियां मतदान से पहले या मतदान के बाद किसी मध्यवर्ती स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ ठहरते हैं, तो मध्यवर्ती ईवीएम स्ट्रॉग रूम के लिए एक उपयुक्त सरकारी भवन का चयन किया जाता है।
- मध्यवर्ती ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, उसे खोलने या बंद करने के लिए उसी मानक प्रचालन प्रक्रिया का पालन किया जाता है जो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मुख्यालयों में नियमित स्ट्रॉग रूम के मामले में लागू है।
- ईवीएम नियंत्रण कक्ष द्वारा पोलिंग टीमों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ढोने वाले वाहनों की आवाजाही (मूवमेंट) का अनुवीक्षण जीपीएस और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए राज्य के डीईओ और सीईओ के स्तरों पर किया जाता है कृपया अनुदेशों के सार–संग्रह, 2024 (खंड 1) में उपलब्ध आयोग के अनुदेश सं. 51/8/आईएनएसटी/2019–ईएमपी, दिनांक 05.02.2019 का अवलोकन करें,
- डीईओ सभी अभ्यर्थियों और प्रेक्षकों को संबंधित सेक्टर अधिकारियों के विवरण के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ढोने वाले सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों और विवरण की अधिसूचना देते हैं।
- आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक इस संबंध में दिए गए आयोग के अनुदेशों की कड़ाई से अनुपालना की निगरानी करते हैं।

**ख.** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रॉग रूम को खोलने तथा पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री वितरित करने के लिये निम्नहस्ताक्षरी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/2176–87 दिनांक 03.10.2024 के माध्यम से सभी उम्मीदवारों व राजनैतिक दलों को सूचना दी गई। आपके प्रतिनिधि द्वारा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/ 2176–87 दिनांक 03.10.2024 **(Annexure-11)** के माध्यम से विधिवत पावती दी गई थी। इसके बाद सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम वितरित की गई तथा पीठासीन अधिकारियों ने इस बात की जांच की कि बीयू,सीयू व वीवीपैट सभी विधिवत रूप से सीलबन्द की हुई है और उनकी सील व पता ठीक हैं। इसके बाद जी.पी.एस. लगे वाहनो में सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम सहित सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर पहुंचाया गया।

6. **मतदान दिवस की व्यवस्थाएं :**

**क.** आयोग ने अपने अनुदेश सं. 51/8/अनु./2023–ईएमएस, दिनांक 16.10.2023 के जरिए मतदान के दिन मतदान केंद्र पर ईवीएम हैंडलिंग और पीठासीन अधिकारी और पोलिंग पार्टियों द्वारा किए जाने वाले संरक्षोपायों की एक विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की है।

- वास्तविक मतदान आरंभ होने से पूर्व, आयोग के अनुदेश सं. 51/8/7/2019–ईएमएस, दिनांक 30.09.2019 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवारों के मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल संचालित किया जाता है।
- मॉक पोल में यह सुनिश्चित करते हुए कम से कम 50 वोट डाले जाते हैं कि नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए वोट दर्ज हो जाएं।
- मॉक पोल के परिणामों को अभिनिश्चित करने के बाद, वीवीपैट पर्चियां निकाली जाती हैं और छद्म मतदान के आंकड़ों को हटा दिया जाता है और कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट को फिर से विधिवत रूप से सीलबंद कर दिया जाता है।
- मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया पोलिंग एजेंटों को दिखाई जाती है और उनके हस्ताक्षर लिए जाते हैं। उन्हें पेपर सीलों और थ्रेड सीलों पर भी हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाती है। पीठासीन अधिकारी द्वारा छद्म मतदान की तारीख और समय के साथ एक मॉक पोल प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।
- पीठासीन अधिकारी मॉक पोल प्रमाण पत्र और पीठासीन अधिकारियों की डायरी में वास्तविक मतदान आरंभ होने की तारीख और समय भी नोट करते हैं।
- आयोग ने वास्तविक मतदान के दौरान आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए पोलिंग पार्टियों को दिशानिर्देश जारी किए हैं।

- कंट्रोल यूनिट में अल्प बैटरी के संकेत की दशा में, कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट का पावर पैक, जो भी मामला हो, आयोग की पत्र सं. 51/8/7/2020–ईएमएस, दिनांक 25.08.2020 में समाविष्ट निर्देशों के अनुसार तत्काल बदले जाने होते हैं।
- उनकी सहायता के लिए, विनिर्माण कंपनी के इंजीनियर के साथ सेक्टर अधिकारी फील्ड में उपलब्ध रहते हैं।
- सेक्टर अधिकारी को आरक्षित मशीनें आबंटित की जाती हैं और जहां भी जरूरत होती है, मशीनें बदल दी जाती हैं।
- यदि किसी मशीन को बदला जाता है, तो मॉक पोल और सीलबंद करने की संपूर्ण प्रक्रिया नई मशीन पर दोहराई जाती है। पोलिंग एजेंटों को मुहरों (सील) पर अपने हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाती है।
- मतदान की समाप्ति के बाद, पीठासीन अधिकारी कंट्रोल यूनिट का 'क्लोजर बटन दबाकर मशीन को बंद कर देता है। वह फॉर्म 17ग में ईवीएम में दर्ज वोटों की कुल संख्या और पीठासीन अधिकारी की डायरी में मतदान की समाप्ति की तारीख और समय नोट करता है।
- फॉर्म 17ग में दर्ज विवरण मतदान की समाप्ति के समय पर मौजूद पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किए जाते हैं।
- तब पीठासीन अधिकारी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी को वियोजित (डिस्कनेक्ट) कर देता है और बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट को खोल (कैरिईंग केस) में डाल देता है।
- 10.15 पीठासीन अधिकारी वीवीपैट का पावर पैक (बैटरी) निकालता है और फिर मतदान केंद्र में मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट को सीलबंद कर देता है।
- पीठासीन अधिकारी एड्रेस टैग पर अपना हस्ताक्षर करता है और उस पर पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर कराता है।
- मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा में संग्रहण केंद्र (कलेक्शन सेंटर) तक ले जाई जाती हैं।

**ख.** आयोग की हिदायतों अनुसार मतदान के दिन मतदान शुरू होने से पूर्व सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा मॉक पोल करवाया गया तथा यह सुनिश्चित करते हुये कि नोटा सहित सभी अभ्यर्थियों के लिये वोट दर्ज हो जायें, कम से कम 50 वोट डलवाये गये। इसके बाद परिणाम को अच्छे से चैक करने के बाद मॉक पोल की पर्चियां निकाली गई तथा मॉक पोल का डाटा ई.वी.एम. से हटाया गया तथा सीयू व वीवीपैट को विधिवत सीलबन्द किया गया। मॉक पोल

की यह प्रक्रिया सभी पोलिंग एजेन्टों की उपस्थिति में की गई तथा उनके हस्ताक्षर लिये गये। सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा मॉक पोल का प्रमाण पत्र भी दिया गया। सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा मॉक पोल प्रमाण पत्र और पी.ओ. डायरी में वास्तविक मतदान आरम्भ होने की तिथि व समय भी नोट किया गया।

मतदान की समाप्ति के बाद सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा कन्ट्रोल यूनिट का क्लोज का बटन दबाकर मशीन को बन्द किया गया तथा फॉर्म 17सी में ईवीएम में दर्ज वोटों की कुल संख्या और पी.ओ. डायरी में मतदान की समाप्ति की तिथि व समय नोट किया गया। इसके बाद फॉर्म 17सी की प्रति मतदान केन्दों पर मौजूद सभी पोलिंग एजेन्टों को दी गई। मतदान उपरान्त सभी ईवीएम मशीनों को राजकीय महाविद्यालय नारनौल स्थित क्लैक्शन सैन्टर पर लाया गया।

**7. मतयुक्त ईवीएम का भंडारण**

**क.** मतयुक्त ईवीएम और आरक्षित नाकाम ईवीएम के भंडारण के लिए, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पहले से ही अलग स्ट्रांग रूम निर्धारित किए जाते हैं।

- मतयुक्त ईवीएम उपयुक्त वीडियोग्राफी के तहत अभ्यर्थियों और उनके एजेंटों को पूर्व में सूचना देकर आयोग के पत्र सं. 464/स्ट्रांग रूम/2023–ईपीएस, दिनांक 18.07.2023 में समाविष्ट अनुदेशों के अनुसार, सुरक्षित भंडारण के लिए जमा कर दी जाती हैं।
- मतयुक्त ईवीएम के लिए स्ट्रॅाग रूम में, संबंधित वर्गों/रैकों में खास–खास मतदान केंद्रों की ईवीएम को रखने के लिए फ्लोर स्पेस निर्धारित किया जाता है।
- आयोग ने मतयुक्त ईवीएम के भंडारण के लिए सख्त सुरक्षात्मक एवं संरक्षात्मक उपाय निर्धारित किए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं–

– बिना किसी खिड़की या वैकल्पिक दरवाजे के स्ट्रॅाग रूम में प्रवेश का एकमात्र रास्ता।

– स्ट्रॅाग रूम, जहां मतयुक्त ईवीएम रखी जाती हैं, में डबल लॉक सिस्टम होता है। लॉक–1 की चाबियां रिटर्निंग अधिकारी के पास रहती हैं जबकि लॉक–2 की चाबियां सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास रहती हैं।

– द्विस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहती है जिसमें सबसे भीतरी परिधि सीएपीएफ कवरेज के अधीन और बाह्य परिधि राज्य सशस्त्र पुलिस बल के अधीन रहती है।

– स्ट्रॅाग रूम की संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरे और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।

– प्रत्येक प्रवेश, निकास के लिए और सुरक्षा कर्मियों के ड्यूटी रोस्टर के लिए सीएपीएफ द्वारा उचित उपयुक्त लॉग बुक बनाए रखा जाता है। आंतरिक परिधि को पार करने वाले व्यक्ति

की तिथि, समय, अवधि और नाम लॉग बुक में दर्ज प्रविष्ट किए जाते हैं और प्रत्येक मामले में हस्ताक्षर लिए जाते हैं। इसमें प्रेक्षक या जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या पुलिस अधीक्षक (एसपी) या उम्मीदवार या उनके एजेंट या किसी अन्य व्यक्ति के दौरे (विजिट) शामिल हैं।

– कोई भी वाहन, जिसमें किसी भी पदधारी या मंत्री या किसी अन्य राजनीतिक पदाधिकारी के वाहन शामिल हैं, को उस सुरक्षित परिसर के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं है जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें और वीवीपैट तथा चुनावी कागजात निर्वाचन पत्र स्टोर किए गए हैं।

– उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूमको खोलते और बंद करते समय प्रवेश बिंदु की निरंतर वीडियोग्राफी की जाती है।

– उम्मीदवार आंतरिक परिधि के बाहर से वज्र गृह की सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते रहने के लिए अपने लोगों को तैनात कर सकते हैं।

**ख.** 70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का कलैक्शन सैन्टर, मल्टिपर्पज हॉल, राजकीय महाविद्यालय नारनौल में बनाया गया। यहां पर सभी मतयुक्त मशीनों को स्ट्रॉग रूम में रखा गया। मेरे निर्वाचन क्षेत्र 70–नारनौल के मतयुक्त सभी ईवीएम को स्ट्रॉग रूम में रखने उपरान्त सामान्य पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज और निम्नलिखित दलों के अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 05.10.2024 को रात्री 10:48 बजे स्ट्रॉग रूम को सील किया गया **(Annexure-12)** :

1. श्री कृष्ण यादव, कॉग्रेस
2. श्री सुशील चौटाला, भाजपा
3. श्री विरेन्द्र सिंह, जजपा
4. श्री विजय सैनी, इनेलो
5. श्री बलविन्द्र, कॉग्रेस

उक्त स्ट्रॉग रूम का प्रवेश का एकमात्र राश्ता छोड़कर सभी खिड़की व दरवाजों को ईंट व कंकरीट से बन्द किया गया। प्रवेश द्वार पर डबल लॉक सिस्टम लगाया गया, जिसकी एक चॉबी रिटर्निंग अधिकारी के पास तथा दूसरी चॉबी सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास उपलब्ध रही। स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा के लिये सी.ए.पी.एफ. के जवान तैनात रहे तथा डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरे लगाये गये। स्ट्रॉग रूम के बाहर लॉग बुक रखी गई। स्ट्रॉग रूम के बाहर बैरीकेडिंग भी की गई। स्ट्रॉग रूम के बाहर उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों के लिये स्ट्रॉग रूम की निगरानी के लिये टैण्ट भी लगाया गया, जिसमें सीसीटीवी की लाईव रिकॉर्डिंग दिखाने के लिये एलसीडी स्क्रीन भी लगाई गई, जहां पर आपके प्रतिनिधि लगातार उपस्थित रहे हैं।

**8. फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा :**

**क.** फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा के लिए नियत दिन पर, जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, प्रेक्षक और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/उनके निर्वाचन एजेंटों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रपत्र स्ट्रॉग रूम वीडियोग्रॉफी के अधीन खोला जाता है।

- फॉर्म 17ए की संवीक्षा के लिए अपेक्षित संगत कागजात, यदि ढोए जाने अपेक्षित हों, तो कार्यपालक मजिस्ट्रेट के साथ समुचित पुलिस अनुरक्षण के अंतर्गत ढोए जाते हैं। उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को, ऐसे कागजात को ढोकर ले जाने वाले वाहन का अनुगमन करने की भी अनुमति दी जाती है।
- यात्रा योजना (ट्रैवल प्लान) के बारे में उम्मीदवारोंध्उनके चुनाव एजेंटों या उनके प्रतिनिधियों को समुचित जानकारी दी जाती है।
- फॉर्म 17क और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा पूरी होने के बाद, उन्हें उनके संबंधित पैकेटों में फिर से पैक किया जाता है और लॉग–बुक में प्रविष्टि करने तथा उस समय उपस्थित सभी उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों, प्रेक्षक और रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर लेने के बाद स्ट्रांग रूम को बंद और सीलबंद कर दिया जाता है।
- फॉर्म 17क और अन्य दस्तावेजों वाले स्ट्रांग रूम को खोलने और बंद करने की संपूर्ण प्रक्रिया की विधिवत रूप से वीडियोग्राफी की जाती है।

**ख.** 70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के फॉर्म 17 ए और अन्य दस्तावेजों की संविक्षा की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज व राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 06.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे मल्टिपर्पज हॉल, राजकीय महाविद्यालय नारनौल में की गई थी। इस प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी करवाई गई थी। इस दौरान निम्नलिखिल राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों के प्रतिनिधि उपस्थित थे **(Annexure-13)** :

1. श्री विजय सैनी, इनेलो
2. श्री कृष्ण यादव, कॉग्रेस
3. श्री आर.के. चौधरी, आप
4. श्री सभा राम, निर्दलीय

**9. मतों की गिनती :**

**क.** मतगणना के दिन, मतयुक्त ईवीएम वाले स्ट्रांग रूम को उम्मीदवारों/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों, भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, आरओ/एआरओ की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के अधीन खोला जाएगा।

- मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक ले जाने की तैयारी मोर्चाबंद रास्तेधनिरापद रास्ते से सुरक्षित तरीके से की जाती है। इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि दो स्ट्रांग रूमों की मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आवाजाही (मूवमेंट) का रास्ता एक–दूसरे से न टकराए। मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आवाजाही (मूवमेंट) की वीडियोग्राफी भी की जाती है।
- मतगणना हॉल में केवल कंट्रोल यूनिट (सीयू) ही लाई जाएंगी।
- कंट्रोल यूनिट (सीयू) को चालू करने से पहले, उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में मतगणना स्टाफ द्वारा सील की गहन जांच की जाती है।
- कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों का मिलान फॉर्म 17ग में उल्लिखित मतों की कुल संख्या से किया जाता है, जिसे पहले ही मतदान केंद्रों पर उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किया गया था।
- कंट्रोल यूनिट पर मतदान का प्रारंभ समय एवं तारीख और मतदान की समाप्ति समय और तारीख सत्यापित की जाती है और पोलिंग एजेंटों को दिखाई जाती है।
- मतगणना एजेंट फॉर्म 17ग में हस्ताक्षर करके प्रमाणित करते हैं कि कंट्रोल यूनिट वही है जिसका उपयोग उसी मतदान केंद्र में किया गया था।
- आयोग ने पोलिंग स्टाफ द्वारा प्रक्रियात्मक चूक करने या मतदान की तारीख और समय के विवरण में असंगति के मामले में उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पष्ट अनुदेश दिए हैं।
- प्रत्येक चक्र की मतगणना पूरी होने पर, रिटर्निंग अधिकारी उस चक्र के परिणाम की घोषणा करते हैं। इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीनों में मतों की गणना के आखिरी चक्र के अंत में, रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5 रैंडेमाइज रूप से चयनित मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों का अधिदेशात्मक सत्यापन करते हैं।
- इन 5 इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीनों का रैंडेमाइज चयन आयोग द्वारा अपने अनुदेश सं. 51/8/वीवीपैट–अनु./2019–ईएमपीएस, दिनांक 15.04.2019 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आरओ द्वारा चिट्ठी डालने (ड्रॉ ऑफ लॉट) के माध्यम से किया जाता है।
- उम्मीदवारों को चिट्ठी डालने (ड्रॉ ऑफ लॉट) के संबंध में पहले से लिखित सूचना दी जाती है।
- यदि ईवीएम में दर्ज मतों और वीवीपैट पेपर पर्ची गणना के बीच कोई असंगति होती है, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 56(घ)(4)(ख) के अनुसार वीवीपैट पेपर पर्ची मान्य होगी।

- ईवीएम मतगणना और अधिदेशात्मक वीवीपैट पेपर पर्ची गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाती है।
- मतगणना के शुरू होने से लेकर परिणाम घोषित किए जाने तक आयोग के प्रेक्षक मौजूद बने रहते हैं।

**ख.** मतों की गणना के लिये ईवीएम स्ट्रॉग रूम को दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 07:58 बजे खोला गया। इस दौरान आपके प्रतिनिधि श्री कृष्ण यादव **(Annexure-14)** और मतगणना पर्यवेक्षक श्री संजय कुमार, एस.सी.एस. 2014 बैच मौजूद थे, इस दौरान वहां पर उपस्थित सभी व्यक्तियों की उपस्थिति भी ली गई थी तथा पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी करवाई गई थी। मतगणना के लिये केवल सीयू को ही मतगणना हॉल में लाया गया था। सीयू को स्ट्रॉग रूम से मतगणना हॉल तक लाने के लिये रास्ते को बैरिकेड किया गया था तथा पूरे रास्ते की सीसीटीवी कवरेज की गई थी। सीयू को चालू करने से पहले उम्मीदवारों के मतगणना एजेन्टों की उपस्थिति में मतगणना स्टॉफ द्वारा सील की गहनता से जांच की गई तथा सीयू में दर्ज मतों का मिलान फॉर्म 17 सी में दिये गये मतों की कुल संख्या से किया गया। प्रत्येक राउण्ड की मतगणना पूरी होने पर मेरे द्वारा राउण्ड का परिणाम घोषित किया गया। मतगणना के बाद पांच वीवीपैट मशीनों का ड्रॉ ऑफ लॉट के द्वारा चयन किया गया, जो कि मतदान केन्द्र की क्रम संख्या 15, 70, 71, 115, 137 **(Annexure-15)** पर थे। जिसकी विडियोग्राफी भी करवाई गई। इन पांचो वीवीपैट की पर्चियों की गणना की गई और ईवीएम की मतगणना से मिलान किया गया, जो कि सही पाया गया। मेरे निर्वाचन क्षेत्र 70—नारनौल की मतगणना दिनांक 08.10.2024 को मल्टिपर्पज हॉल, राजकीय महाविद्यालय नारनौल पर्यवेक्षक श्री संजय कुमार और उम्मीदवारों/उनके मतगणना एजेन्टों/चुनाव एजेन्टों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि राजनैतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार और उनके एजेन्ट चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं में शामिल रहे हैं तथा निम्नहस्ताक्षरी द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अच्छे से पालन किया गया है, जिसकी सूचना समय—समय पर आपको भी दी गई। चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं में आप/आपके प्रतिनिधि शामिल रहे, जिनका पुनः विवरण निम्नलिखित है :

➢ एफलसी का कार्यक्रम महेन्द्रगढ स्थित नारनौल के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक निर्वाचन—2024/ 3676, दिनांक 30—07—2024 **(Annexure-2)** के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध किया गया कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। उक्त प्रक्रिया में आईएनसी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया **(Annexure-3)**। एफएलसी हॉल में डीईओ द्वारा बनाए रखे गए लॉग रजिस्टर में दिनांक 01—08—2024 को आईएनसी

प्रतिनिधि श्री अनूप कौशिक की उपस्थिति के बारे में विवरण है **(Annexure-16)** । यह प्रक्रिया सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और आईएनसी सहित किसी ने भी कोई आपत्ति/मुद्दा नहीं उठाया था।

- ईवीएम के प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम महेन्द्रगढ स्थित नारनौल के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/4170 दिनांक 29–08–2024 तथा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/4222 दिनांक 02–09–2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। महेन्द्रगढ जिले में आईएनसी कार्यालय द्वारा कार्यक्रम प्राप्त होने की विधिवत पावती पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/ 4170 दिनांक 29–08–2024 **(Annexure-17)** के जरिए दी गई थी। प्रथम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान श्री अभिजीत सिंह (आईएनसी के प्रतिनिधि) उपस्थित थे **(Annexure-4)**। यह प्रक्रिया सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और आईएनसी सहित किसी के भी द्वारा कोई आपत्ति/मुद्दा नहीं उठाया गया था।
- प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद, ईवीएम की Segregation दिनांक 02.09.2024 **(Annexure-18)** को ईवीएम वेयर हाऊस में की गई थी, जिसकी पावति श्री कृष्ण (आईएनसी के प्रतिनिधि) के द्वारा दी गई। तदउपरान्त दिनांक 07–09–2024 को ईवीएम मशीनों को लघु सचिवालय नारनौल स्थित ईवीएम वेयर हाऊस से राजकीय महाविद्यालय नारनौल के मल्टिपर्पज हॉल स्थित 70–नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईवीए स्ट्रॉग रूम में लाया गया **(Annexure-5)**।
- ईवीएम की द्वितीय रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 70–नारनौल के लिए आरओ होने के नाते मेरे द्वारा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1737–1748 दिनांक 22–09–2024 के जरिए आईएनसी उम्मीदवार राव नरेन्द्र सिंह सहित चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि द्वितीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहें। आप/आपके प्रतिनिधि द्वारा कार्यक्रम प्राप्त होने की विधिवत पावती पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1737–1748 दिनांक 22–09–2024 **(Annexure-6)** के जरिए दी गई थी। द्वितीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान आईएनसी प्रतिनिधि श्री माला राम दिनांक 24–09–2024 को उपस्थित थे **(Annexure-7)**। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और किसी के भी द्वारा कोई आपत्ति/मुद्दा नहीं उठाया गया था। द्वितीय रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम आपके प्रतिनिधि श्री बलविन्द्र की उपस्थिति में दिनांक 25–09–2024 **(Annexure-19)** को स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीं। इस प्रक्रिया के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज, आई.ए.एस. 2013 बैच भी उपस्थित थे। इसके अलावा, प्रथम स्तरीय जांच के समय, सभी रैंडमाइजेशन के समय ईवीएम की सूची डीईओ द्वारा राष्ट्रीय और राज्यीय स्तर की सभी मान्यताप्राप्त

राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई थी। प्रत्येक चरण में स्ट्रांग रूम से ईवीएम की आवाजाही के समय आप या आपके प्रतिनिधि मौजूद रहे हैं।

- पुनः, मेरे निर्वाचन क्षेत्र अर्थात 70–नारनौल के संबंध में ईवीएम को चालू करने (कमीशनिंग) का कार्य 25–09–2024 से 28–09–2024 तक मल्टिपर्पज हॉल, राजकीय महाविद्याल, नारनौल में किया गया था। मेरे द्वारा इसका कार्यक्रम पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1816–1827 दिनांक 24–09–2024 तथा क्रमांक निर्वाचन–2024/1960–72 दिनांक 27–09–2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी उम्मीदवारों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि कार्यक्रम का निरीक्षण करें और मॉक पोल में भाग लें। पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1816–1827 दिनांक 24–09–2024 **(Annexure-08)** तथा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/1960–72 दिनांक 27–09–2024 **(Annexure-09)** के जरिए कार्यक्रम की सूचना दी गई थी। कमीशनिंग प्रक्रिया के दौरान, आपके प्रतिनिधि श्री कष्ण यादव उपस्थित थे **(Annexure-10)**। कमीशनिंग के समय आप/आपके प्रतिनिधि द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ मेरी उपस्थिति में पूरी हुई। कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद, ईवीएम मेरे हस्ताक्षर और राजनैतिक प्रतिनिधि के हस्ताक्षर के अंतर्गत सीलबंद की गई थीं। उसके बाद ईवीएम पुनः स्ट्रांग रूम में रखकर स्ट्रॉग रूम को सील कर दिया गया था।
- इसके अतिरिक्त, मेरे पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/ 2176–2187 दिनांक 03–10–2024 के माध्यम से ईवीएम और पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के दिन स्ट्रांग रूम खोलने के कार्यक्रम के बारे में आपको लिखित रूप से सूचित किया गया था। आपके प्रतिनिधि द्वारा पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/2176–2187 दिनांक 03–10–2024 **(Annexure-11)** के जरिए पत्र की विधिवत पावती दी गई थी।
- मतदान के दिन, वास्तविक मतदान से पहले, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 70–नारनौल के सभी मतदान केंद्रों पर आपके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल आयोजित किया गया था। मॉक पोल पूरा होने के प्रमाण पत्र पर आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा हस्ताक्षर भी किए गए थे और मॉक पोल प्रक्रिया या ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में आपके/आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था। वास्तिविक मतदान की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की गई तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा किसी भी मतदान केन्द्र पर काई भी आपत्ति दर्ज नहीं की गई। वास्तविक मतदान पूरा होने के बाद, ईवीएम को आपके पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में संबंधित पीठासीन अधिकारियों द्वारा सीलबंद कर दिया गया था और उस समय भी मतदान प्रक्रिया और ईवीएम की कार्यप्रणाली पर आपके/आपके प्रतिनिधियों से कोई शिकायत/मुद्दा प्राप्त नहीं हुआ।
- इसके बाद मतयुक्त ईवीएम पोलिंग पार्टियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय नारनौल में स्थित क्लेकशन सैन्टर पर जमा कर दी गई थीं और उसके बारे में आपको काफी समय रहते बता

दिया गया था। स्ट्रांग रूम के लॉग रजिस्टर के अनुसार, मतयुक्त ईवीएम आपके प्रतिनिधि श्री कृष्ण यादव और सामान्य पर्यवेक्षक श्रीमति शीबा जार्ज, आई.ए.एस. 2013 बैच की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में दिनांक 05—10—2024 को रात्री 10:48 बजे स्टोर की गई थीं **(Annexure-12)** और उन सबकी उपस्थिति में स्ट्रांाग रूम को बंद भी किया गया था। उस समय भी आपके/आपके प्रतिनिधि की ओर से कोई शिकायत या मुद्दा नहीं उठाया गया था।

➤ दिनांक 05—10—2024 को स्ट्रांग रूम बंद होने के बाद से दिनांक 08—10—2024 को मतगणना की तिथि तक मतयुक्त ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं, जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस की सुरक्षा में था। अधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन किया गया था और आपके प्रतिनिधियों के द्वारा स्ट्रांग रूम में आवाजाही पर नियमित रूप से नज़र बनाए रखने के लिए अलग से टैन्ट लगाया गया था तथा टैन्ट में स्ट्रॉग रूम के सीसीटीवी कैमरे को लाइव दिखाने के लिए एलसीडी भी लगाई गई थी, जहां पर आपके प्रतिनिधि लगातार उपस्थित रहे थे। इस दौरान न तो आपने और न ही आपके प्रतिनिधि ने मेरे या किसी एआरओ के पास कोई मुद्दा/शिकायत उठाई/दर्ज की।

➤ मतों की गणना के लिए नियत दिन मतयुक्त ईवीएम के स्ट्रांग रूम को दिनांक 08—10—2024 के प्रातः 07:58 बजे पर खोला गया था। स्ट्रांग रूम खोलने के दौरान आप/आपके प्रतिनिधि श्री कृष्ण यादव और मतगणना पर्यवेक्षक श्री संजय कुमार, एस.सी.एस. 2014 बैच भी मौजूद थे। लॉग रजिस्टर पर हस्ताक्षर लिए गए थे **(Annexure-14)**। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। उस समय भी, आपने/आपके प्रतिनिधि ने मतयुक्त ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और संरक्षा पर कोई चिंता व्यक्त नहीं की/कोई मुद्दा नहीं उठाया।

➤ इसके अलावा, आपके द्वारा नामित काउंटिंग एजेंट मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने तक मतगणना हॉल में मौजूद रहे थे। "मतगणना उपरांत संवीक्षा" भी उम्मीदवार/उनके प्रतिनिधि राव नरेन्द्र सिंह व श्री कृष्ण यादव और मतगणना पर्यवेक्षक श्री संजय कुमार, एस.सी.एस. 2014 बैच की उपस्थिति में की गई। उस दौरान भी आपके उम्मीमदवार/आपके प्रतिनिधि राव नरेन्द्र सिंह व श्री कृष्ण यादव द्वारा कोई आपत्ति व्यिक्तत नहीं की गई।

➤ इसके अलावा, वर्ष 2023 की रिट याचिका (सिविल) सं. 434 में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 26.04.2024 के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र सं. 51/8/अनुदेश/2024—ईएमएस, दिनांक 01.06.2024 में समाविष्ट अपने अनुदेशों के जरिए एसओपी निर्दिष्ट की है जिसमें जांच की जाने वाली यूनिटों को बाहर निकालने की आवेदन प्रक्रिया, प्रोटोकॉल तथा ईवीएम यूनिट (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट) की बर्न्ट मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की मतगणना उपरांत जांच और सत्यापन, प्रलेखन कार्य, आदि के लिए संरक्षोपाय एवं प्रोटोकॉल वर्णित किए गए हैं। उक्त अनुदेशों के पैरा 3(सी) में दी गई समय—सीमा के अनुसार, पात्र उम्मीदवार परिणाम की घोषणा की तारीख से 7 (सात) दिनों की अवधि के भीतर संबंधित डीईओ से लिखित अनुरोध कर सकते हैं। मेरे विधानसभा निर्वाचन

क्षेत्र 70–नारनौल से आईएनसी के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार से मुझे ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

- **बैटरी पैक के ऊपर 99% चार्ज दर्शित (डिस्पले) होना:–** जहां तक कंट्रोल यूनिट डिस्प्ले में बैटरी की स्थिति का 99% प्रदर्शित होने का प्रश्न है, इस संदर्भ में मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि कंट्रोल यूनिट में बैटरी कमीशनिंग के दौरान उम्मीदवारों की उपस्थिति में डालकर सीलबंद की जाती है तथा उनके/उनके प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर लिए जाते हैं। हस्ताक्षर उम्मीदवार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा किसी भी चरण पर चैक किए जा सकते हैं, इसलिए इससे छेड़छाड़ करना असंभव है। ईवीएम के कंट्रोल यूनिट में एल्कालाइन बैटरी का उपयोग होता है। यह बैटरी कंट्रोल यूनिट के साथ 04 बैलेट यूनिट लगाने पर भी 2000 वोटों तक के लिए सक्षम होती है तथा यह उच्च गुणवत्ता की बैटरी होती है। नए पावर पैक की प्रारम्भिक वोल्टेज लगभग 7.4 से 8.0 वोल्ट तक होती है तथा इसकी पावर खपत बहुत कम होती है। वोल्टेज के 7.4 के ऊपर होने पर बैटरी की क्षमता 99% प्रदर्शित होती है। उपयोग के साथ बैटरी की क्षमता और परिणामी वोल्टेज कम होता जाता है। जैसे ही वोल्टेज 7.4 से कम होता है, बैटरी की वास्तविक उपलब्ध क्षमता यानि 98% से नीचे प्रदर्शित होने लगती है। बैटरी में 5.8 से अधिक वोल्ट रहने पर कंट्रोल यूनिट कार्यरत रहती है। डिस्प्ले में प्रदर्शित प्रतिशत, कंट्रोल यूनिट पर किए गए मॉक पोल, वास्तविक पोल तथा बैटरी की प्रारम्भिक वोल्टेज पर निर्भर होती है जो विभिन्न मतदान केन्द्रों की ईवीएम में भिन्न–भिन्न हो सकती है। जिसके बारे में आपको इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन–2024/2425 दिनांक 08–10–2024 **(Annexure-1)** के द्वरा पहले भी अवगत करवाया जा चुका है।
